SMILE 3.0 में शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से कक्षा 1-4, 6, 7, 9 व 11 का ऑनलाइन वार्षिक परीक्षा परिणाम सत्र 2021-22 हेतु दिनांक 16-05-2022 को जारी कर दिया गया था | इसके लिए विद्यालयों को ऑनलाइन अंकों को कक्षावार Module के माध्यम से भरकर "Draft" अंकतालिका जांचकर तदुपरान्त "Verify" द्वारा अंकतालिका निकालकर विद्यार्थियों को परिणाम जारी करने की दिनांक को कक्षावार वितरित किया जाना था | इस कड़ी में अभी भी अनेक विद्यालयों द्वारा परीक्षा परिणाम को "Verify" नहीं किया गया है जिससे "Result & Promotion" के माध्यम से कक्षा प्रोन्नति में समस्या आ रही है तथा T.C. ले जाने वाले विद्यार्थियों की अध्ययनरत की ही T.C. जारी हो रही है |

अत: ऐसे विद्यालय जिन्होंने आदिनांक तक प्रत्येक विद्यार्थी का कक्षावार परीक्षा परिणाम "Verify" बटन के माध्यम से सत्यापित नहीं किया है, वे तत्काल परीक्षा परिणाम को "Verify" कर देवें अन्यथा पोर्टल पर आगामी कार्यदिवसों में अधतन न होने पर विद्यालय विपरीत परिस्थितियों के लिए स्वंय ज़िम्मेदार होंगे |